छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग

ब्लॉक-01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192 2234188 (Fax) email: dirwed@nic.in

::: सार्वजनिक सूचना :::

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रावधानों अंतर्गत बालक देखरेख संबंधी संस्थाओं के अनिवार्य पंजीकरण के संबंध में

छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य के ऐसे सभी स्वैच्छिक/धार्मिक संगठन/यतीम खाना/ व्यक्ति/ व्यक्तियों के समूह जो बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण अथवा समान प्रयोजन के लिए आवासीय बालक/बालिका देखरेख संस्थाओं का संचालन कर रहे है, उन सभी पक्षकारों को सूचित किया गया था कि इस तरह की संस्था के संचालन के लिए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 41 के अंतर्गत पंजीयन कराया जाना आवश्यक है।

ऐसी सभी संस्थाएं/ धार्मिक संस्थाएं/ यतीम खाना/ व्यक्ति/ व्यक्तियों का समूह जो बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण अथवा समान प्रयोजन के लिए आवासीय बालक/ बालिका देखरेख संस्थाओं का संचालन कर रहे है, उन सभी पक्षकारों को सूचना दी जाती है कि वे विज्ञापन प्रसारित होने के 1 माह के भीतर निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी / जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के कार्यालय में तथा एक प्रति जिला कलेक्टर को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। अपंजीकृत संस्था द्वारा पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत न करने अथवा अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत संस्था का संचालन करने पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 42 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 42 अनुसार-"**देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों को रखने वाली किसी संस्था के भारसाधक किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों को, जो धारा 41 की उपधारा (1) के उपबंधों का अनुपालन करने में असफल रहता है या रहते हैं, ऐसे कारावास से, जो एक वर्ष तक हो सकेगा या एक लाख रूपये से अन्यून के जुर्माने से या दोनों से दंडित किया जाएगा।**

परन्तु रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने में प्रत्येक दिन के विलंब को एक पृथक अपराध माना जाएगा।"

उपरोक्त प्रावधानों के तहत गैर पंजीकृत संस्थाएं जिनके द्वारा देखरेख एवं संरक्षण के लिए बालक/बालिका को रखा गया है ऐसी सभी संस्थाएं आवासीय प्रयोजन हेतु अवैध मानी जावेगी तथा संस्थाओं में निवासरत बच्चे पंजीकृत / मानक संस्थाओं में स्थानांतरित कर दिए जावेंगे एवं गैर पंजीकृत संस्थाओं / व्यक्ति / समूह के विरूद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 42 के अनुसार आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जावेगी।

आवेदन करने वाली संस्थाएं वांछित सभी दस्तावेज संबंधित जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को विज्ञापन की तिथि से एक माह के भीतर प्रस्तुत करेंगे। आवेदन का प्रारूप महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित जिला कार्यालय में तथा **http://www.cgstate.gov.in** एवं **http://www.cgwcd.gov.in** पर उपलब्ध है।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
संचा. महिला एवं बाल विकास एवं पदेन सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग)

G-262703676/1

छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध प्रदेश भर के प्रकृति व वन्यजीव प्रेमियों की पहली पसंद बना हुआ है। हरे-भरे जंगलों, कलकल बहती नदियों और प्राकृतिक सुंदरता से आच्छादित उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व बरसात के बाद एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खुल गया है। जैव विविधता की दृष्टि से बेहद समृद्ध इस टाइगर रिजर्व बाघ, तेंदुए, चित्तीदार हिरण, सांभर, भालू और अनेक दुर्लभ वन्यप्राणियों के साथ सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों के लिए जाना जाता है। कभी राजकीय पशु वनभैंसा इसकी सबसे बड़ी खासियत हुआ करती थी, फिलहाल यहां एक ही वनभैंसा रह गया है। हॉर्नबिल पक्षी यहां विशेष रूप से पाया जाता है।

जिप्सी के साथ ही कायकिंग और नाव की व्यवस्था

पर्यटकों के लिए खुला उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मानसून और वन्यजीवों के प्रजननकाल के कारण बंद उदंती सीतानदी के गेट 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर खुल गया है। प्रवेश द्वार खुलते ही देश और प्रदेश भर के प्रकृति व वन्यजीव प्रेमियों का यहाँ पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है। वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा और रोमांचक सफर के लिए अभ्यारण्य में जिप्सी की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा, यहाँ की कुल्हाड़ीघाट नदियों और सोंढुर बांध में कायकिंग और बोटिंग (नाव) की भी व्यवस्था है। हालाँकि, वर्तमान में बारिश के कारण नदियों का बहाव तेज होने की वजह से सुरक्षा के लिहाज से वाटर स्पोर्ट्स को रोका गया है। पर्यटकों को कायकिंग और बोटिंग का आनंद लेने के लिए लगभग दो महीने का और इंतजार करना पड़ेगा। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र हरी-भरी वादियों और पहाड़ों से घिरा क्षेत्र है। बारिश के इन दिनों में क्षेत्र के झरने और नदिया पूरे उफान पर हैं जो सैलानियों को मंत्र मुग्ध कर रहे हैं। पर्यटक न केवल खुले में विचरण करते वन्यप्राणियों का दीदार करते हैं बल्कि इस अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए भी बड़ी संख्या मे पहुंचते हैं। यहां कुलाप जलप्रपात, कारीपगार, शेषपगार, देवधारा, बोतलधारा, बनियाधस व अनेक जलप्रपात के साथ राजकीय पशु वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र भी है।

अलग खबर



बाकी पार्क, टाइगर रिजर्व, अभयारण्य अभी बंद

भारी बारिश के चलते बस्तर संभाग के कांगेर घाटी नेशनल पार्क, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, पामेड़ और भैरमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य अभी नहीं खुला है। इनके अगले महीने खुलने की संभावना जताई जा रही है। इसीतरह रायपुर संभाग के बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा व्यजीव अभयारण्य अगले महीने खुलेगा। दुर्ग संभाग के कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव अभयारण्य भी एक नवंबर से खुलेगा।

भ्रमण के दौरान सावधानी बरते

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मानसून मे बंद कर दिया जाता है। यह वन्यप्राणियों के प्रजनन का भी समय होता है। यह अब 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खुल गया है। उपनिदेशक ने क्षेत्र के जलप्रपातों (वॉटरफॉल्स) में भ्रमण के दौरान पर्यटकों से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही ई-ट्रांजिट पास होंगे जनरेट

खनिज परिवहन-भंडारण नियम बदले, परिवहन की डिजिटल ट्रैकिंग, आरएफआईडी टैग की होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवाचार और पारदर्शिता लाते हुए सरकार ने खनिज ढोने वाले सभी वाहनों के लिए तकनीकी निगरानी के कड़े प्रावधान किए हैं। नए नियमों के मुताबिक व्हीकल ट्रैकिंग यूनिट खनिज ले जाने वाले प्रत्येक वाहन में वीटीयू लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। आरएफआईडी टैग वाहनों और कंटेनरों पर रेडियो फ्रिक्वेन्सी आइडेंटिफिकेशन टैग लगाए जाएंगे, ताकि चेक पोस्ट और तौल कांटों पर खनिज खेप की स्वचालित और सटीक पहचान की जा सके। ई-ट्रांजिट पास-डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही ई-ट्रांजिट पास जनरेट करना होगा, जो सभी अनुपालन और सरकारी शुल्कों की स्वतः कटौती के बाद ही जारी होगा।

खास खबर

छत्तीसगढ़ शासन के खनिज साधन विभाग ने राज्य में खनिज संपदा के अवैध परिवहन, भंडारण और अनियमितताओं पर लगाम कसने के लिए 'छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009' में बड़े और अहम संशोधन किए हैं। खनिज-कोयला परिवहन के लिए अब डिजिटल ट्रैकिंग, आरएफआईडी टैग और सख्त पर्यावरणीय अनुपालन को अनिवार्य बना दिया गया है। सरकार के इन सख्त कदमों से राज्य में खनिज चोरी पर रोक लगने के साथ-साथ राजस्व संग्रहण में भी पारदर्शिता आने की उम्मीद है।

कोयला प्रसंस्करण और वॉशरी के लिए स्पष्ट परिभाषाएं

इसके साथ ही अब 'प्रसंस्कृत कोयला' और 'प्रसंस्करण संयंत्र' की स्पष्ट परिभाषा तय की गई है। इसके तहत क्रशिंग, ग्राइंडिंग, स्क्रीनिंग, बेनेफिशिएशन और वाशिंग (पानी और घनत्व आधारित प्रक्रिया) के जरिए कोयले के ग्रेड और उपयोगिता में वृद्धि को स्पष्ट किया गया है, जिसमें केवल ब्लेंडिंग या मिक्सिंग को शामिल नहीं किया गया है। साथ ही कोयला वॉशरी और प्रसंस्करण स्थलों पर उपभोक्ता-वार प्राप्ति और प्रेषण के लिए नए और विस्तृत पंजी रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं।



रेलवे साइडिंग और ई-वे बिल की मॉनिटरिंग

रेलवे के माध्यम से होने वाले खनिज परिवहन को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए रेलवे रसीद बनते ही डिजिटल प्लेटफॉर्म से प्ररूप-17 में रेलवे अभिवहन पास जारी करना होगा। रेलवे साइडिंग के जरिए होने वाले सभी परिवहन को फ्रेट ऑपरेशंस इंफॉर्मेशन सिस्टम के साथ एकीकृत किया गया है।

भंडारण अनुज्ञापत्र और क्षेत्र विस्तार के नियम

खनिज भंडारण और अनुज्ञापत्र के नियमों को भी स्पष्ट किया गया है। इसके तहत भंडारण अनुज्ञापत्र हेतु आवेदन किया जाने वाला क्षेत्र न्यूनतम 0.405 हेक्टेयर से कम नहीं होगा। सभी खनिजों के लिए प्रति टन 10 रुपए की दर से सुरक्षा राशि तय की गई है, जो किसी भी स्थिति में 1 लाख रुपए से कम नहीं होगी। अनुज्ञापत्र की प्राप्ति या नवीनीकरण के लिए जल और वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। किसी भी खदान (कोल माइंस) की सीमा से 25 किलोमीटर की परिधि (आकाशीय दूरी) के भीतर कोयले के भंडारण की अनुमति नहीं होगी, हालांकि यह प्रतिबंध वॉशरी, प्रोसेसिंग प्लांट और एंड-यूज प्लांट पर लागू नहीं होगा।

संबलपुर के पास हादसा

एम्बुलेंस ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, स्टाफ नर्स की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रायपुर के अस्पताल से शव के साथ जगदलपुर लौट रही महारानी अस्पताल की एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। घटना में केबिन में बैठी महारानी अस्पताल जगदलपुर की नर्स की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। परिजनों व अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार शबनम खान पति अब्दुल जावेद खान उम्र 34 वर्ष एमपीएम हास्पिटल के पास अघनपुर धरमपुरा जगदलपुर निवासी महारानी अस्पताल में स्टाफ नर्स थी।

बुधवार को कंगोली डोंगरीपारा जगदलपुर निवासी राजेंद्र खत्री उम्र 72 वर्ष को गंभीर बीमारी के चलते डिमरापाल मेडिकल कालेज से रायपुर एसएमसी अस्पताल ले जाना था। बुधवार की रात्रि 8 बजे स्टाफ नर्स शबनम खान महारानी अस्पताल में सेवा दे रहे मां दंतेश्वरी एम्बुलेंस के चालक अतुल बघेल निवासी लोहंड़ीगुडा बस्तर निवासी के साथ मरीज राजेंद्र खत्री व उसके परिजनों को लेकर रायपुर के जगदलपुर से निकली। वे सभी गुरुवार की तड़के 3 बजे एसएमसी अस्पताल पहुंच गए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मरीज राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। सभी सुबह लगभग साढ़े 4 बजे शव को लेकर एम्बुलेंस से जगदलपुर के लिए रायपुर से निकले थे।



झपकी आने के कारण हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार मां दंतेश्वरी एम्बुलेंस बुधवार की रात्रि 8 बजे मरीज लेकर जगदलपुर से निकल रातभर सफर कर रायपुर पहुंची थी। अस्पताल में मरीज के मृत घोषित होने के तुरंत बाद वापस जगदलपुर लौट रही थी। लगातार सफर करने के कारण चालक को झपकी आ रही थी। इसी के चलते गुरुवार की सुबह 6.30 बजे यह हादसा हो गया।

खबर संक्षेप

सो रही मां-बेटी को सांप ने काटा बच्ची की मौत

धमतरी। दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम केकराखोली निवासी संतोषी मरकाम पति नरसुराम उम्र 30 वर्ष बुधवार की रात्रि भोजन करने के बाद अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी मनस्वी मरकाम के साथ पाटे में सो रही थी। रात्रि में बच्ची अचानक रोने लगी। मनस्वी को रोता देख संतोषी हाथ बढ़ाकर बच्ची को अपने तरफ खींच रही थी तभी उसका हाथ बच्ची के दाहिने हाथ की ऊंगली को काटकर बिस्तर पर बैठे जहरीले सांप करैत से टकरा गया। सांप ने संतोषी के हाथ को काट लिया। सर्पदंश से पीड़ित दोनों मां-बेटी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्ची मनस्वी को मृत घोषित कर दिया। वहीं संतोषी को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया गया।

ढारा के फार्म हाउस के करीब फिर दिखा तेंदुआ

डोंगरगढ़। वनांचल क्षेत्र डोंगरगढ़ में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी सामने आने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक डोंगरगढ़ से करीब 14 किलोमीटर दूर ग्राम ढारा के पास घोटिया रोड में रात करीब 10 बजे ग्रामीणों की नजर तेंदुए पर पड़ी। बताया जा रहा है कि तेंदुआ ढारा निवासी धवल चावड़ा के फार्म हाउस के आसपास दिखाई दिया। अचानक तेंदुए को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ऑपरेटर/मार्केटिंग
अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 15000 से 25000 2. मार्केटिंग ऑफिसर 4,वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय:प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल:- 8720005500.(आरो-815)

टीचर
आवश्यकता है- प्रकाश पब्लिक स्कूल में MSC., BED.,(मैथ्स), प्राइमरी मे डीएड टीचर व आया महिला की आवश्यकता है। संपर्क विथ बायोडाटा। पता:- सेक्टर-11, जोन-1, खुर्सीपार भिलाई - 9399147944.(आरो-4175)

सिक्योरिटीगार्ड
आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय एवं बंगलो के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष शैक्षणिक योग्यताः 10वीं -12वीं पास वेतनः योग्यता एवं अनुभव अनुसार आकर्षक वेतन कार्य स्थलः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करें:- 9109125252, 9109972720.(आरो-085)

हरिभूमि

घरेलु नौकर
आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000 प्रतिमाह तक सुविधाएं:- रहने की व्यवस्था है स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करें:- 9109972720, 9109125252.(आरो-084)

सेल्समैन
आवश्यकता है- रायपुर में गैस सिलेंडर मार्केटिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है। मार्केट में जाकर नए ग्राहक बनाने एवं बिक्री बढ़ाने का कार्य करना होगा। उम्मीदवार रायपुर का स्थानीय निवासी होना चाहिए। स्वयं की बाइक अनिवार्य, वेतन- योग्यता, अनुभव अनुसार फिक्स+ आकर्षक इंसेंटिव, इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें:- 9183313130, 9179829993. (आरो-765)

सफाई कर्मचारी
आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी चाहिए पुराना पुल, पुलगांव नाका दुर्ग स्थित साईं मंदिर में साफ सफाई के लिए मेहनती, ईमानदार, सेवाभावी महिला/पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन 6000-7000 रुपए तक मिलेगा। संपर्क– 6267041319. (आरो-341)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सेल्स/मार्केटिंग
आवश्यकता है- छत्तीसगढ़, ओड़शिा में सेल्स/मार्केटि हेतु फ्रेशर्स की आवश्यकता है. ट्रेक्टर एक्सेसरीज में कार्य करनेवाले व्यक्ति कमीशन पे काम के लिए सम्पर्क करे फ़ोन 9977454909 . समय सुबह 9 से शाम 7 (आरो-26435)

डिलिवरी कार्य
आवश्यकता है- कोरियर बाइकर डिलिवरी हेतु पढे लिखे जिम्मेदार युवक चाहिए। श्रीमारुती कोरियर, कार्नर हाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9399676408. (आरो-305)

हेल्पर/वेटर
आवश्यकता है- रेस्टोरेंट कैफे में काम करने के लिये हेल्पर एवं वेटर की आवश्यकता है. टेक ए ब्रेक कैफे, लोकेशन कुम्हारी . 8982228900.(आरो-398)

सेल्सेकर्मी
आवश्यकता है- सेल्स डोर टू डोर के लिए सेल्सकर्मी मेल और फीमेल की आवश्यकता वेतन + कमीशन + टीएडीए संपर्क मिलेः डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ इंडिया के सामने अवन्ति विहार रायपुर 98272-45678. (आरो-948)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ड्रायवर
आवश्यकता है- रायपुर शहर में गैस सिलेंडर डिलवरी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर को Bolero महेंद्रा पिकअप चलाने का अनुभव हो तथा हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (Heavy Vehicle License) अनिवार्य है। रायपुर का स्थानीय निवासी होना। वेतन-18,000/- प्रतिमाह सम्पर्क:- 9183313130, 9179829993.(आरो-785)

घरेलु कार्य
आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर के काम हेतु महिला की आवश्यकता,काम का समय सुबह 8 से 12, वेतन 6000/- संपर्क 8120289207, 9300201654.(आरो-219)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- गोल बाजार में थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के की अनुभवी/ बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित मिले। महेश फैब्रिक अलका रेस्टोरेंट के सामने दुकान नं 8 जैन ज्योति काम्प्लेक्स, चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर (छ. ग.) मो. - 9752022866, 7415842111.(आरो-347)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for All
6263818152

ASTROLOGY ज्योतिष
ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

Medical चिकित्सा
नशा मुक्ति केन्द्र- सभी प्रकार के नशे का ईलाज काउन्सलिंग, योग ध्यान, दवाईयों एवं आध्यात्मिक प्रोग्राम द्वारा सम्भव है। मनोरोगियों का ईलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है सम्पर्क करें- 9340093665. (आरो-41915)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Property प्रापर्टी
प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्व सुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268. (आरो-41750)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

एजेंसी	पता	संपर्क नं.
अतुल पब्लिसिटी	सदर बाजार	94062-00210
ओम विज्ञापन एजेंसी	न्यू राजेन्द्र नगर	93036-90016
मितनिशा एड	रियो कॉम्पलेक्स देवपुरी	93298-46567
नाईस पब्लिसिटी	शारदा चौक	93002-19536
महेश्वरी पब्लिसिटी	देवेन्द्र नगर	0771-2234113
प्रेमप्रकाश मध्यानी	श्याम नगर/कटोरा तालाब	93294-07988
माँ एड एजेंसी	पी.एस. सिटी	93005-12211
राजेश पब्लिसिटी	समता कालोनी	99263-08899
विजय घोष	पुरानी बस्ती	98261-16051
आदित्य एड एजेंसी	टिकरापारा	93010-51757
देव एड एजेंसी	जयस्तंभ चौक	98268-77609
खन्ना एड एजेंसी	स्टेशन रोड	93001-60001
छत्तीसगढ़ डेल्टा	सुन्दर नगर	92294-96081
सुमीत एड एजेंसी	शहीद स्मारक	98261-61116
शिवम एड एजेंसी	बुढ़ातालाब	93291-00263
ए.के. एड एजेंसी	तात्यापारा चौक	98261-45558
किशोर पब्लिसिटी	छोटापारा	98271-62038
एम्बेसी कार्पोरेट	देवेन्द्र नगर	98267-06506
शांति विजय एड	पचपेढ़ी नाका	93001-61001
ए.एस.ए. एड एजेंसी	गुरूनानक चौक	98271-62101
प्रयास एड एजेंसी	श्याम प्लाजा	94062-36209

हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंगे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
बचते रिवर्स एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

अब गारंटी...

छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत इन सेवाओं को शामिल करते हुए इनके निराकरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा, पदाभिहित अधिकारियों (जिम्मेदार अधिकारियों), सक्षम प्राधिकारियों और अपीलीय अधिकारियों के पदनाम तय कर दिए गए हैं। इस नई व्यवस्था के तहत छात्रों को विभिन्न प्रमाण पत्र और दस्तावेज प्राप्त करने के लिए अब एक निश्चित समय-सीमा का पालन करना होगा।

इस आदेश से ....

सूत्रों के अनुसार जिनमें कोई एकरूपता या अधिनियम जैसी बाध्यकारी समय-सीमा व अपील का त्रि-स्तरीय ढांचा (पदाभिहित, सक्षम और अपीलीय अधिकारी) स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं था। कई बार छात्रों को इन कार्यों के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था और विलंब होने पर कोई वैधानिक कानूनी दंड या निश्चित समयावधि की बाध्यता नहीं होती थी।

अब 60 दिनों ....

कार्यदिवस तय किए गए हैं। इसके लिए पदाभिहित अधिकारी सहायक सचिव, सक्षम प्राधिकारी उप-सचिव, अपीलीय अधिकारीः सचिव बनाए गए हैं। उत्तर पुस्तिका की पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन के लिए भी वहीं समय सीमा है। इसके लिए पदाभिहित अधिकारी सहायक सचिव, सक्षम प्राधिकारीः पंजीयक, और अपीलीय अधिकारी सचिव को बनाया गया है। उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी हासिल करने के मामले में भी उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात 60 कार्य दिवस तय है। इसके लिए पदाभिहित अधिकारी सहायक सचिव, सक्षम प्राधिकारी पंजीयक,अपीलीय अधिकारीः सचिव बनाए गए हैं।

जांबाज पायलट स्मित ....

पूरे घटनाक्रम में कई संयोग और यात्रियों की बहादुरी को महत्वपूर्ण बताया गया। इधर, इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने गुरुवार को कहा कि वह तेल अवीव जा रहे 'फ्लाईदुबई' के विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश के आरोपी सह-पायलट के प्रत्यर्पण की मांग करेंगे। सह पायलट ओमान का नागरिक है। आसमान में हुई इस घटना में एक भारतीय पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद इजराइल ने विमानन सुरक्षा की समीक्षा तेज कर दी है।**भारतीय पायलट पर कुल्हाड़ी से हुआ था हमला** : इधर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि फ्लाईदुबई के पायलट पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया था, जिसके बाद विमान को हाईजैक और क्रैश करने की कोशिश हुई। हालांकि यह कोशिश नाकाम रही और विमान की सऊदी में सुरक्षित लैंडिग हो गई। नेतान्याहू ने भारतीय पायलट स्मित मच्छार की भी तारीफ की है, जो कुल्हाड़ी से हमले में घायल होने के बावजूद कॉकपिट का दरवाजा खोलने में कामयाब रहे। इससे यात्री और क्रू मेंबर कथित हमलावर को काबू में कर सके।

हमला कब और ....

ओमानी पायलट का इरादा प्लेन को हाइजैक कर कहीं क्रैश कराने का था। इस्राइली यात्री तज्विका मेनेस की पत्नी उस वक्त अपनी छोटी बेटी को वॉशरूम ले जा रही थीं। तभी उन्हें कॉकपिट से चीखें और संघर्ष की आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तुरंत एक फ्लाइट अटेंडेंट को सतर्क किया। उसी वक्त कॉकपिट का दरवाजा खुला और खून से लथपथ कैप्टन स्मित बाहर गिर पड़े। को-पायलट उन्हें चाकू मार रहा था।

पीएम मोदी ने मच्छार ....

पहले, मोदी ने भारतीय पायलट की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'नायक' बताया था और कहा था कि देश को उनकी बहादुरी पर गर्व है। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 ने बुधवार को आपात संकेत भेजे थे। इसके बाद विमान 34,000 फुट की ऊंचाई से तेजी से 17,000 फुट से अधिक नीचे आ गया।

गुजरात सरकार ....

कैप्टन स्मित मच्छार के साहस को आज पूरी दुनिया सलाम कर रही है। हमले में बुरी तरह घायल और खून से लथपथ होने के बावजूद, उन्होंने 174 यात्रियों की जान बचाने के लिए अद्भुत बहादुरी दिखाई यह अत्यंत प्रेरणादायी और सराहनीय है। उन्होंने कहा, गुजरात के इस वीर सपूत ने अपने शौर्य से पूरे विश्व में गुजरात राज्य और देश का मान बढ़ाया है। उनकी रगों में दौड़ती गुजराती भावना हम सभी को अपार गर्व से भर देती है।

इजरायल ने ....

यूनिट (एलीट यूनिट) को भेजने पर भी विचार किया। इजरायल ने इन तीन तरीकों पर खासतौर से विचार किया।

हरिभूमि-आईएनएच का ...

राठिया सहित जिले के विधायक, पूर्व विधायक एवं भाजपा और कांग्रेस से जुड़े नेताओं के साथ- साथ प्रबुद्धजन एवं जिला व पुलिस प्रशासन, समाजसेवी, व्यापारी सहित सभी क्षेत्र से लोग शामिल होंगे।**कलेक्टर व एसपी समेत कई हस्तियां होंगी शामिल** : कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू व एसपी सुनील शर्मा समेत कई हस्तियां शामिल होंगे। इनमें जिलाध्यक्ष कैट रतन शर्मा, प्रधान हास्पिटल दानसरा के डा. आनंद प्रधान, राइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष संगीत सिंह ठाकुर और सेवा भारती के अध्यक्ष समाजसेवी सतीश यादव सहित जिले की कई हस्तियां शामिल हैं। **विधायक कविता व उत्तरी समेत जनप्रतिनिधि करेंगे शिरकत** : जिला संवाद कार्यक्रम में विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े पूर्व विधायक सारंगढ़ केराबाई मनहर सहित जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला पंचायत सदस्य डा. कैलाश नायक व विनोद भारद्वाज, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ताराचंद देवांगन, जनपद पंचायत सारंगढ़ की अध्यक्ष ममता राजीव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, पूर्व विधायक पद्मा घनश्याम मनहर शामिल होंगे।

घाट पेंडारी के ....

इधर-उधर बिखरा हुआ था और एक व्यक्ति क्रेन की मदद से सामान समेट रहा था। इसी दौरान कुछ सामान को ट्रक से दूर गड्ढे में रखकर तिरपाल से ढक कर छिपाए जाने की सूचना भी पुलिस को मिली। सूचना पर चंदौरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहां क्षतिग्रस्त ट्रक और प्लास्टिक दाना की बोरियां मिलीं। आसपास तलाशी लेने पर 9 बोरियों में कुल 238 किलो 290 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 19 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने गांजा, घटना में प्रयुक्त क्षतिग्रस्त 12 चक्का टाटा ट्रक जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है तथा 19 बड़ी बोरियों में भरा प्लास्टिक दाना जब्त किया। पुलिस ने मामले में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ओडिशा से लखनऊ ....

संचालन करता था। ट्रक में हाथरस निवासी चालक के माध्यम से ओडिशा से प्लास्टिक दाना के साथ गांजा लोड कर लखनऊ ले जाया जा रहा था। इसी दौरान 29 सितंबर को घाट पेंडारी घाट पर ट्रक पलट गया। इसके बाद गांजे को सड़क किनारे गड्ढे में छिपाकर तिरपाल से ढंक दिया गया था।

सीएम साय बोले- महानदी ....

के अध्यक्ष, दोनों राज्यों के मुख्य सचिव तथा जल शक्ति मंत्रालय और केंद्रीय जल आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा, महानदी केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि दोनों राज्यों की सभ्यता, संस्कृति, कृषि और जनजीवन से जुड़ी जीवनधारा है। यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा को बांटने वाली नहीं, बल्कि जोड़ने वाली नदी है। इसलिए विवाद का समाधान भी टकराव के बजाय सहयोग, विश्वास और आपसी सहमति से होना चाहिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ न्यायपूर्ण, निष्पक्ष, वैज्ञानिक, पारदर्शी और दीर्घकालिक समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान में दोनों राज्यों के किसानों, आम नागरिकों और आने वाली पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ में है और जलग्रहण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भी प्रदेश में है। कृषि, सिंचाई, पेयजल और ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों की विकास आवश्यकताएं इससे जुड़ी हैं। इसलिए इन जरूरतों का समाधान में समुचित ध्यान रखा जाना जरूरी है। **2018 में बना था जल विवाद न्यायाधिकरण** : महानदी जल बंटवारे के विवाद के समाधान के लिए वर्ष 2018 में महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया गया था। इसके समानांतर दोनों राज्यों और केंद्र के स्तर पर राजनीतिक संवाद तथा तकनीकी विमर्श भी चलता रहा है। गुरुवार की बैठक को इसी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बैठक में संवाद और तकनीकी विचार-विमर्श जारी रखते हुए पारस्परिक सहमति से स्थायी समाधान तलाशने पर सकारात्मक चर्चा हुई।

हीराकुंड के हितों ....

पारदर्शी तरीके से साझा करने और वैज्ञानिक आधार पर निर्णय लेने की व्यवस्था विकसित होनी चाहिए।

केंद्र की पहल ...

तथा विकास संबंधी आवश्यकताओं का समग्र अध्ययन जरूरी है। तकनीकी स्तर पर तथ्य स्पष्ट और राजनीतिक स्तर पर संवाद जारी रहे तो दोनों राज्यों को स्वीकार्य समाधान निकाला जा सकता है।

बारिश में डूबी टमाटर ....

पैदावारी होगी। इसी महीने में टमाटर के दाम औंधे मुंह गिर जाते हैं और मंडी में एक से दो रुपए किलो बिकता है। जिसकी वजह से किसान टमाटर तुड़वाई नहीं करवाते और मवेशियों के हवाले कर देते हैं। मौजूदा स्थिति में इस बार टमाटर का नया सीजन मंहगाई वाला हो सकता है। **प्रदेशभर में दुर्ग का धमधा है टमाटर हब** : छत्तीसगढ़ प्रदेश में 4.99 लाख हेक्टेयर में साग-सब्जियों का उत्पादन हो रहा है। जिसमें अकेले दुर्ग जिले में ही टमाटर के अलावा करीब 8 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में साग-सब्जी लगाई गई है। दुर्ग जिले का धमधा क्षेत्र टमाटर का हब माना जाता है। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा 9514 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टमाटर लगाई गई है। इससे सालाना 1.90 लाख मिट्रिक टन टमाटर की पैदावारी होती है। यहां का टमाटर न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि दीगर राज्यों जैसे महाराष्ट्र में नागपुर, नासिक, उत्तरप्रदेश में नोएडा, दिल्ली और आंध्रप्रदेश में टमाटर एजेंटों के माध्यम से भेजा जाता है।

महंगा होगा नए ....

बाढ़ व भारी बारिश की वजह से ज्यादातर खराब हो गई है। इसलिए अब उसकी जगह नए पौधे लगाने पड़ रहे हैं। नए पौधे को तैयार होने में चार महीने लग जाएंगे। इसलिए इस ठंड के सीजन में जो फसल बच गई है उससे निकलने वाला टमाटर शुरूआती दौर में पिछले साल से मंहगा होगा।

पेज एक के शेष

ब्लड बैंकों में निगेटिव ग्रुप...

ना पड़े इसके लिए केंद्र स्तर पर ई-रक्तकोष साइट की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से मरीज अपने नजदीकी ब्लड बैंक और वहां रक्त की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इसके माध्यम से मरीजों को अनावश्यक रूप से भटकना नहीं पड़ता। इस वेबसाइट के मुताबिक अधिकांश ब्लड बैंक में पॉजिटिव ग्रुप के रक्त का पर्याप्त स्टॉक है। खासकर ए और ओ पॉजिटिव के जरूरतमंद मरीजों को किसी भी ब्लड बैंक से निराश नहीं होना पड़ता। तकलीफ निगेटिव समूह वाले रक्त के जरूरतमंद को होती है क्योंकि इसकी उपलब्धता सामान्यतः कम होती है। खासकर बी और ओ और एबी निगेटिव का स्टॉक कम रहता है। अधिकारिक सूत्रों का यह भी तर्क है कि जिस तरह इन रक्त समूहों की उपलब्धता कम होती है उसी तरह स्टॉक भी कम होता है।

देशभर में 176 दफा साइबर फ्राड...

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के दिशा-निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मानपुर विनोद कुमार मिंज के मार्गदर्शन एवं खड़गांव थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील त्रिपाठी एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक अब्दुल रियाज के नेतृत्व में जिला पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते एक बड़े अंतर्राज्यीय ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना खड़गांव पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते देशव्यापी नेटवर्क चलाने वाले मुख्य सरगना सहित कुल 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपी लोकेशन बदल रहे थे : पुलिस के अनुसार देश के अलग-अलग राज्यों की पुलिस टीमें लगातार इस शातिर गिरोह की तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। जिला पुलिस की विशेष टीम ने सूझबूझ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर 30 सितंबर को मामले से जुड़े तीनों आरोपियों को धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी आदित्य रजक (मुख्य सरगना) कोननगर नवोग्राम थाना उत्तरपारा जिला हुगली पश्चिम बंगाल, कृष्णा चौधरी टीटागढ़ महावीर मंदिर के पास वार्ड नं 6 नार्थ 24 परगना व सुमन वर्मा टीटागढ़ महावीर मंदिर के पास वार्ड नं. 6 नार्थ 24 परगना पकड़े गए। सभी 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। बड़े अंतर्राज्यीय मामले का खुलासा करने में थाना खड़गांव से प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अब्दुल रियाज, सहायक उपनिरीक्षक धन सिंह महिलांगे, आरक्षक आशीष जोगी, नर्मदा प्रसाद पैकरा, महिला सहायक आरक्षक सरिता जाड़े और जिले की साइबर सेल की विशेष भूमिका रही

विभिन्न राज्यों में दर्ज है मामले...

मिजोरम व राजस्थान में 1-1 एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के नेटवर्क द्वारा अकेले जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न थानों में कुल 31 शिकायतें दर्ज कराई गई थी। जिसमें अंबागढ़ चौकी थाना में 15 शिकायतें, खड़गांव में 9, मोहला में 3 शिकायतें, मानपुर में 2, गोटाटोला में 1 व मदनवाड़ा में 1 शिकायत दर्ज है।

पुलिस जांच ...

इस्तेमाल कर आरोपियों ने देशभर के मासूम लोगों को अपना शिकार बनाया। जांच में यह बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इस अकेले खाते के जरिये देश के 1 लाख 71 हजार से अधिक लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिससे जुड़े देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 176 आपराधिक प्रकरण पहले से पंजीकृत हैं।

बीच समुद्र में फंसे 17 भारतीय मछुआरों को सेशेल्स ने पहुंचाई मदद, भारत बोला 'शुक्रिया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दक्षिण-पश्चिम में करीब 4 हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेशेल्स के समुद्र तट के पास इंजन में आई खराबी की वजह से संकट में फंसी नाव 'आईएफबी साजिरा' पर सवार भारत के 17 मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जिसमें सेशेल्स की सरकार द्वारा प्रदान की गई त्वरित कार्रवाई का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार ने अपने देश के 17 लोगों की मुश्किल के समय पर की गई जीवन रक्षा के लिए सेशेल्स के प्रति आभार जताया है।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री श्रीमती अंकुर ठाकुर पति- संतोष सिंह ठाकुर निवासी- हनुमान मंदिर के सामने, ठाकुर पारा सरोना, रायपुर छ. ग. मो नं- 99935 27461 के द्वारा विक्रेता श्रीमती दीपाली ठाकुर पति- श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी- गोल चौक महामाया हॉस्पिटल के पास, शीतला मंदिर के पास, डगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. हक स्वामित्व व आधिपत्य भूमि जो वाके मौजा- अमलेश्वर, प.ह.न.- 00003, रा.नि.म.- अमलेश्वर, तहसील-पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 775/1 का भाग रकबा 3000 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है। बैनामा पंजीयन शेष है। इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तिय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज, अपने लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी । "सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग.
दिनांक 01/10/2026
भवदीय
श्री कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं.-9826674118

// रजिस्ट्री गुम//

निवेदन है कि भूमि खसरा 412/89, रकबा 750 वर्गफूट कौरिनभांठा प.ह.नं. 41, रिद्धि सिद्धी कालोनी, शहर तह. व जिला राजनांदगांव में स्थित है। जो कि उक्त भूमि को झामिन बाई साहू पति चंदन कुमार साहू से मेरे द्वारा 01 दिसम्बर 2025 को खरीद कर पंजीयन कराया गया है। इसके पूर्व में ईश्वरी प्रसाद पिता लिखन राम साहू से झामिन बाई साहू के द्वारा क्रय कर दिनांक 22.03.2017 का पंजीयन कराई गई है जिसकी रजिस्ट्री पेपर आखरी एक प्रति मेरे भूलवश कौरिनभाठा के आस पास दिनांक 12.07.2026 को गुम हो गया है जिसे बहुत खोजबीन किया फिर भी नहीं मिला है। जिसकी गुमने की सूचना दर्ज कराना चाहता हूं।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि रजिस्ट्री पेपर की आखरी एक प्रति गुमने की सूचना दर्ज करने की असीम कृपा करें।

राजनांदगांव
दिनांक 01.10.2026
आवेदक
योगेश कुमार टंडन
मो. 9407621163

न्यायालय नायब तहसीलदार, अभनपुर
जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)
राजस्व प्रकरण क्रमांकः ...../ अ-63अ/ 2026
दिनांकः 28/09/2026
// आम ईश्तहार सूचना //
(अंतर्गत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 115 व 116)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिल महिपाल पिता श्री चन्दन केतु महिपाल, निवासी वार्ड नं. 01, बंगला पारा, ग्राम चरसुरिया, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा ग्राम छछानपैरी, पटवारी हल्का नं. 11, रा.नि.मं. केंद्री, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर स्थित भूमियों के कम्प्यूटरीकृत ऑनलाइन अधिकार अभिलेख (बी-1/खसरा) में दर्ज नाम में लिपिकीय त्रुटि सुधार, सहखातेदार का नाम दर्ज करने एवं 'ना.बा.' शब्द विलोपित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।आवेदित भूमियों के राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार एवं नाम संशोधन का विवरण निम्नानुसार है:

ग्राम/प.ह.नं.- ग्राम छछानपैरी, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. केंद्री, तहसील अभनपुर, **खसरा नंबर व रकबा (हे.)**- ख.नं. 577/3 (0.4050 हे.) ख.नं. 598/28 (0.4050 हे.), **ऑनलाइन बी-1 में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम**- ना.बा. लक्ष्मीनाथ उर्फ अरविन्द पिता चन्द्रकेतु वली मां नर्मदा बाई जौजे चन्द्रकेतु, **खसरा नंबर व रकबा (हे.)**- ख.नं. 587/2 (0.6070 हे.)- **ऑनलाइन बी-1 में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम**- ना.बा. लक्ष्मीनारायण उर्फ अनिल, ना.बा. नंदन महिपाल पिता चन्द्रकेतु वली मां नर्मदा बाई जौजे चन्द्रकेतु, **प्रस्तावित सही नाम (ऋण पुस्तिका अनुसार)**- 1. लक्ष्मीनाथ उर्फ अखिल पिता चंदन केतु 2. तरूण पिता चंदन केतु (शामिलात खाते में दर्ज करने एवं बालिग होने के कारण 'ना.बा.' शब्द विलोपित करने बाबत)

अतः सर्वसाधारण एवं संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त प्रस्तावित त्रुटि सुधार, सह-खातेदार का नाम दर्ज करने अथवा 'ना.बा.' शब्द विलोपित किए जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था या खातेदार को कोई आपत्ति या दावा हो, तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाणिक साक्ष्य व सुसंगत दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक **15/10/2026** को अथवा इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

विशेष टीप: नियत समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तदुपरांत प्रकरण में विधि अनुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए राजस्व अभिलेख दुरुस्ती का अंतिम आदेश पारित कर दिया जावेगा। आज दिनांक 28/09/2026 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

मुहर
नायब तहसीलदार
जिला - रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./2024/न.पा./लो.नि.वि./2026-27 बेमेतरा दिनांक 01.10.2026

// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना //

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

टेंडर क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख रू.)	निविदा दर खोलने की तिथि
200827	नया बस स्टैण्ड से शासकीय कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा तक सड़क चौडीकरण कार्य ।	83.92	23.10.2026

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल www.eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है। निविदा में संशोधन विभाग के वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा । पृथक से प्रकाशित नही कराया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बेमेतरा

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पंचम प्रि-क्वालीफिकेशन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.24/न.पा.नि./PMAY/2026-27 बिलासपुर दिनांक 01/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
200682	''प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास मिशन'' अंतर्गत मोनोलिथिक तकनीक से रिकाण्डो स्लम के पास चिंगराजपारा में (G+3) 174 यूनिट शेष आवास निर्माण मय आंतरिक जल प्रदाय, सेनेटरी एवं विद्युतीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर (सड़क, नाली, जलप्रदाय, सीवर नेटवर्क इत्यादि) विकास कार्य।	282.46	12 / 10 / 2026

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यालय नगर पंचायत बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक/579/SBM-2.0/2026-27 बेरला, दिनांक 01.10.2026

// तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत बेरला में स्वच्छ भारत मिशन 2-0 के तहत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य विवरण	लागत राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि (रू. में)	समय सीमा	निविदा प्रपत्र शुल्क (रू.में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	200714	Revamping of Material Recovery Facility (MRP) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of BERLA, Chhattisgarh (3rd call)	24.37	12200/-	06 माह	10000/-	12/10/2026 17.30 PM तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in And https://cguad.gov.in से दिनांक 01.10.2026 को 5.30 PM बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बेरला

कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email-cmoabhanpur@gmail.com

क्रमांक /1196/न.पा.प./लो.नि.वि./2026 **ई-प्रोक्युरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना** अभनपुर, दिनांक 01/10/2026

नगर पालिका परिषद् अभनपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

Bid Start Date - 01/10/2026 05.30 PM
Bid Due Date - 26/10/2026 05.30 PM
Physical Doc Submission End Date - 29/10/2026 05.30 PM
Bid Open Date - 30/10/2026 12.00 PM

क्र.	टेण्डर सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)	निविदा शुल्क (रू. में)	एस.ओ.आर.	समयावधि
1	200786	वार्ड क्रमांक 03,04,05,07,10 में 06 स्थानों पर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (ग्रुप 01)	15.35	11600.00	750.00	PWD Road SOR 10.06.2026 & Building SOR 10.06.2026	04 माह
2	200787	वार्ड क्रमांक 12, 13, 14, 15 में 07 स्थानों पर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (ग्रुप 02)	15.46	11600.00	750.00	PWD Road SOR 10.06.2026 & Building SOR 10.06.2026	04 माह
3	200788	वार्ड क्रमांक 01,02,03,04,08 में 08 स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य (ग्रुप 03)	24.57	18500.00	750.00	PWD Road SOR 10.06.2026	04 माह
4	200790	वार्ड क्रमांक 06,07,08 में 06 स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य (ग्रुप 04)	16.24	12200.00	750.00	PWD Road SOR 10.06.2026	04 माह
5	200791	वार्ड क्रमांक 09.10,11,12,13, 14, 15 में 10 स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य (ग्रुप 05)	21.35	16100.00	750.00	PWD Road SOR 10.06.2026	04 माह
6	200793	वार्ड क्रमांक 01,03,06,07,08 में 05 स्थानों पर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (ग्रुप 09)	13.96	10500.00	750.00	PWD Road SOR 10.06.2026 & Building SOR 10.06.2026	04 माह

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अभनपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा

क्र. 487 / लो.क.वि. / न.पा.प. / 2026 अहिवारा दिनांक 01/10/2026

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रं.	कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	निविदा दर / प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि
1	15 वें वित्त आयोग (टाईड ग्रांट) मद अंतर्गत विकास कार्य। (कुल 03 पृथक-पृथक कार्य)	25.76	23.10.2026

टीप :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

राशिफल

मेष मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धा

बिजनेस साइट

त्योहारों की खरीदारी पर स्मार्ट बाजार में सेल, 2 से 7 अक्टूबर तक मिलेंगे ऑफर



मुंबई। त्योहारों के मद्देनजर स्मार्ट बाजार ने ग्राहकों के लिए विशेष सेल की घोषणा की है। यह सेल 2 से 7 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। इस दौरान ग्राहकों को फैशन, घर की सजावट, उपहार, किराना, घरेलू सामान सहित त्योहारों से जुड़ी विभिन्न आवश्यक वस्तुओं पर विशेष ऑफर दिए जाएंगे।

सेल के तहत टॉप मिठाई ब्रांड्स की भारतीय मिठाइयों की चुनिंदा रेंज पर 'एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं' का ऑफर दिया जा रहा है। वहीं, त्योहारों के लिए फैशन की शुरुआत 99 रुपए से होगी, जिसमें पूरे परिवार के लिए कपड़ों और अन्य फैशन उत्पादों की रेंज उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा, विभिन्न किस्मों के बासमती चावल 95 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध होंगे। कोल्ड ड्रिंक्स और जूस की चुनिंदा रेंज पर भी 'एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं' ऑफर रखा गया है। स्मार्ट बाजार के अनुसार, त्योहारों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर घर की सजावट और उपहारों तक कई श्रेणियों में उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। सेल 2 से 7 अक्टूबर तक नजदीकी स्मार्ट बाजार स्टोर पर लागू रहेगी।

एलन कोटा में नीट-2027 की तैयारी के लिए स्पार्क प्रो बैच 12 अक्टूबर से



कोटा। नीट-यूजी 2027 की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने स्पार्क प्रो कोर्स की घोषणा की है। कोर्स के लिए एडमिशन शुरू हो चुके हैं, जबकि कक्षाएं 12 अक्टूबर से प्रारंभ होंगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि स्पार्क प्रो कोर्स 12वीं उत्तीर्ण कर चुके उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जो नीट-यूजी 2027 की तैयारी को व्यवस्थित तरीके से शुरू करना चाहते हैं। कोर्स में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के साथ एनसीईआरटी आधारित सिलेबस की तैयारी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को एनसीईआरटी आधारित स्टडी मटीरियल के साथ पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप, डाउट सॉल्विंग, रेगुलर टेस्ट और स्पेशल क्वेश्चन बैंक की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा एआई-इनेबल्ड एप के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी तैयारी और प्रदर्शन का आंकलन करने में मदद मिलेगी। नीट-2026 के परिणाम के आधार पर 70% तक स्कॉलरशिपः स्पार्क प्रो कोर्स में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए नीट-यूजी 2026 के परिणाम के आधार पर 70 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का प्रावधान किया गया है। संस्थान के अनुसार, नीट-2026 में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 35 हजार तक हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप के बाद कोर्स फीस 15,600 रुपए तक होगी। इसके अलावा एआईआर 2 लाख तक के विद्यार्थियों के लिए भी स्कॉलरशिप उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान के अनुसार, नीट-यूजी 2026 की काउंसलिंग के बाद 2027 की परीक्षा की तैयारी शुरू करने वाले विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए यह कोर्स तैयार किया गया है।

वित्त मंत्रालय की जारी रिपोर्ट में कहा गया

व्यापार, कच्चे तेल की अनिश्चितताओं से पूंजी आकर्षित करना भारत के लिए चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह पूंजी प्रवाह आकर्षित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसरों की कमी देश की निवेश लाने की क्षमता को प्रभावित कर रही है।

वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इस साल जुलाई-अगस्त के जीएसटी संग्रह, निर्यात आंकड़े समेत उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतक अप्रैल-जून, तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि के बाद आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार में कुछ नरमी का संकेत देते हैं।

वैश्विक परिस्थितियां फिर प्रतिकूल

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक परिस्थितियां एक बार फिर प्रतिकूल हो गई हैं। सितंबर में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है। मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया, ''वैश्विक और उससे उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता का मतलब है कि भारत कोविड के बाद की वृद्धि की उपलब्धियों पर निर्भर होकर नहीं रह सकता।

भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए बड़ी ताकत

- अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता
- कच्चे तेल की कीमतों में आए दिन आ रहा उछाल
- वैश्विक एआई से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसर की कमी
- भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है



रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह, पूंजी प्रवाह आकर्षित करने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, संकेत हैं कि शुद्ध आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह इस वित्त वर्ष में पिछले साल की तुलना में बेहतर रह सकता है। इसमें कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए एक बड़ी ताकत है।

विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ी

अमेरिका के साथ 'अस्थिर' व्यापार संबंध, कृत्रिम मेधा के चलते वैश्विक स्तर पर पूंजी निवेश और सीमापार पूंजी प्रवाह में बदलाव तथा विकसित देशों द्वारा अपनी विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निवेश हासिल करने की होड़ ने विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

भारत में विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है

इसे हर तिमाही अर्जित करना होगा। यही नीति-निर्माताओं के सामने चुनौती है। रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'कारोबार के अनुकूल के बजाय अधिक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल' बनाने की जरूरत की बात कही गयी है। इसमें कहा गया कि केवल प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था ही सफल, नवोन्मेषी और विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है।

अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों में कड़वाहट

मासिक समीक्षा में कहा गया, ''अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों की स्थिति, शुल्क संबंधी दबाव, कच्चे तेल की कीमतों और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता तथा वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा से जुड़े घटनाक्रमों में भारत से जुड़ी संभावनाओं का अभाव भारत की स्थिति को आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रभावित कर रहा है। समय के साथ इन चुनौतियों के कम होने पर भारत की वृद्धि क्षमता निवेशकों का ध्यान आकर्षित करेगी।

सोना 500 रुपए चढ़ा और चांदी 5000 रुपए गिरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 500 रुपये बढ़कर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये घटकर 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस सप्ताह सोने की कीमत में 2,800 रुपये या लगभग दो प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि चांदी की कीमत में 10,000 रुपये या 4.2 प्रतिशत की कमी आई।

आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी मांग का नोटिस

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक को अपने खातों में निर्धारित न्यूनतम राशि बनाए रखने वाले ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं पर 229 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी मांग को लेकर कारण बताओ नोटिस मिला है। 2017 की धारा 73 के तहत अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय माल एवं सेवा कर की ओर से नोटिस मिला है। इसमें 229 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी की मांग के साथ ब्याज और जुर्माना भी शामिल है।

एआई से साइबर हमलों की रफ्तार बढ़ी, पर बचाव भी यही करेगा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिस कैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के आने से साइबर हमलों की रफ्तार, दायरा और स्वचालन बढ़ गया है लेकिन यही प्रौद्योगिकी साइबर हमलों से बचाव का महत्वपूर्ण साधन भी बन सकती है। कैन ने यहां आयोजित 'थेल्स साइबर समिट 2026' में कहा कि पहले जिन साइबर हमलों के लिए विशेषज्ञों की टीम की जरूरत होती थी, उन्हें अब एआई आधारित उपकरणों (टूल) की मदद से तेजी से अंजाम दिया जा सकता है। उन्होंने एआई प्रणालियों के बढ़ते स्वायत्त इस्तेमाल को भी चिंता का विषय बताया।



आज के सुरक्षित डेटा को कल डिकोट करने का खतरा

कैन ने क्वांटम कंप्यूटिंग से पैदा होने वाले भविष्य के खतरे की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि आज सुरक्षित माने जाने वाले एनक्रिप्टेड डेटा को भविष्य में अधिक शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटर की मदद से डिकोड किए जाने का खतरा है। इस सम्मेलन में थेल्स ने साइबर सुरक्षा के लिए कुछ समाधान भी पेश किए।

सबसे कमजोर कड़ी को निशाना बनाते है हमलावर

चेयरमैन ने कहा कि हमलावर अक्सर किसी कंपनी की कारोबारी श्रृंखला की सबसे कमजोर कड़ी को निशाना बनाते हैं। ऐसे में संगठनों को केवल हमले रोकने पर ध्यान देने के बजाय घुसपैठ का जल्द पता लगाने और उसके असर को सीमित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। कैन ने कहा कि साइबर सुरक्षा की चुनौती इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि कंपनियां अपने डेटा की सुरक्षा के लिए कई अलग-अलग प्रणालियों का इस्तेमाल करती हैं।

